**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1809**
**16 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर से मौत के मामले**

**1809. श्रीमती नुसरत जहां:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कैंसर रोगियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान कैंसर रोगियों की मौतों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में इलाज करा रहे कैंसर रोगियों का निजी एवं सरकारी अस्पताल-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या देश में कैंसर का उपचार बहुत महंगा है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा देश में कैंसर के उपचार संबंधी व्यय वहन करने और रोगियों पर कैंसर के इलाज के बढ़ते बोझ को कम करने के संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) और (ख): भारतीय चिकित्सा परिषद के राष्ट्रीय कैंसर पंजीयन कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 तक देश में कैंसर के मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार अनुमानित संख्या अनुलग्नक (तालिका-1) में संलग्न है। वर्ष 2018 से 2022 तक देश में कैंसर के मामलों से मृत्यु की अनुमानित संख्या अनुलग्नक (तालिका 2) में संलग्न है।

(ग) से (घ): कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों से ग्रस्त रोगियों को जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, एम्स जैसे केन्द्रीय संस्थानों तथा निजी क्षेत्र के अस्पतालों सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायगी प्रणाली में उपचार मिल रहा है। सरकारी अस्पतालों में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपचार या तो नि:शुल्क है या इस पर अत्यधिक सब्सिडी दी जाती है। उपचार हेतु पंजीकृत रोगियों के संबंध में उपयुक्त आंकड़ों को संस्थाओं और संबंधित अस्पतालों द्वारा उनके अपने स्तर पर रखा जाता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय वाहिका रोग और आघात की रोकथाम और

नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और संसाधन क्षमता के अध्यधीन तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम के लिए अवसंरचना, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता सृजन, शीघ्र निदान, प्रबंधन को सुदृढ़ करने और उपचार के लिए उपयुक्त स्तर के स्वास्थ्य परिचर्या केंद्र को रेफर करने पर केंद्रित है। एनपीसीडीसीएस के अंतर्गत, पहले से उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों की निरंतर कीमोथेरेपी सुनिश्चित करने के लिए 266 जिला डे केयर सेंटर स्थापित किए गए हैं।

केन्द्र सरकार कैंसर की विशिष्ट परिचर्या के लिए सुविधा केंद्रों का विस्तार करने के लिए कैंसर विशिष्ट परिचर्या योजना को कार्यान्वित करती है। उक्त योजना के अंतर्गत अब तक 19 राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और 20 विशिष्ट परिचर्या कैंसर केन्द्रों (टीसीसीसी) को अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इनमें से 07 एससीआई/टीसीसीसी पूर्ण हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत नए एम्स और कई स्तरोउन्नत संस्थानों के मामले में इसके विभिन्न पहलुओं में ऑन्कोलॉजी पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। झज्जर (हरियाणा) में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान और चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता के दूसरे परिसर की स्थापना भी इस दिशा में किया गया उपाय है। इन सभी से देश में कैंसर के उपचार की क्षमता में वृद्धि होती है।

आयुष्मान भारत - प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के अंतर्गत कैंसर का उपचार भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों के सहयोग से प्रधान मंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत सभी को किफायती मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ अस्पतालों/ संस्थानों में उपचार के लिए किफायती औषधियां और विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत) फार्मेसी स्टोर स्थापित किए गए हैं, जिनका उद्देश्य अधिकतम खुदरा मूल्य की तुलना में पर्याप्त छूट पर दवाएं उपलब्ध कराना है।

अनुलग्नक-1

| **तालिका 1: भारत में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सभी स्थानों (आईसीडी10: सी00-सी97) - (2022)पर कैंसर (महिला और पुरुष दोनों में) के मामलों की अनुमानित संख्या** | |
|---|---|
| राज्य | **2022** |
| जम्मू और कश्मीर | 13395 |
| लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 302 |
| हिमाचल प्रदेश | 9164 |
| पंजाब | 40435 |
| चंडीगढ़ | 1088 |
| उत्तरांचल | 12065 |
| हरियाणा | 30851 |
| दिल्ली | 26735 |
| राजस्थान | 74725 |
| उत्तर प्रदेश | 210958 |
| बिहार | 109274 |
| सिक्किम | 496 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1087 |
| नगालैंड | 1854 |
| मणिपुर | 2097 |
| मिजोरम | 1985 |
| त्रिपुरा | 2715 |
| मेघालय | 3025 |
| असम | 39787 |
| पश्चिम बंगाल | 113581 |

| | |
|---|---|
| झारखंड | 35860 |
| ओडिशा | 52960 |
| छत्तीसगढ | 29253 |
| मध्य प्रदेश | 81901 |
| गुजरात | 73382 |
| दमन | 150 |
| दादरा और नगर हवेली | 238 |
| महाराष्ट्र | 121717 |
| तेलंगाना | 49983 |
| आंध्र प्रदेश | 73536 |
| कर्नाटक | 90349 |
| गोवा | 1700 |
| लक्षद्वीप | 28 |
| केरल | 59143 |
| तमिलनाडु | 93536 |
| पांडिचेरी | 1679 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 393 |
| कुल | **14,61,427** |
| **संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम** | |

अनुलग्नक 2

| तालिका 1: भारत में विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में सभी स्थानों (आईसीडी10: सी00-सी97) (2018-2022) पर कैंसर (महिला और पुरुष दोनों में) के कारण मृत्यु के मामलों की अनुमानित संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **2018** | **2019** | **2020** | **2021** | **2022** |
| जम्मू और कश्मीर | 6670 | 6845 | 7027 | 7211 | 7396 |
| लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 154 | 158 | 162 | 166 | 171 |
| हिमाचल प्रदेश | 4642 | 4744 | 4856 | 4953 | 5058 |
| पंजाब | 21278 | 21763 | 22276 | 22786 | 23301 |
| चंडीगढ़ | 532 | 548 | 564 | 582 | 598 |
| उत्तरांचल | 6028 | 6184 | 6337 | 6500 | 6655 |
| हरियाणा | 15255 | 15684 | 16109 | 16543 | 16997 |
| दिल्ली | 13218 | 13644 | 14057 | 14494 | 14917 |
| राजस्थान | 37123 | 38100 | 39111 | 40117 | 41167 |
| उत्तर प्रदेश | 106350 | 108911 | 111491 | 114128 | 116818 |
| बिहार | 54566 | 56028 | 57531 | 59043 | 60629 |
| सिक्किम | 270 | 275 | 276 | 288 | 308 |
| अरुणाचल प्रदेश | 612 | 622 | 635 | 655 | 670 |
| नगालैंड | 961 | 982 | 1008 | 1029 | 1060 |
| मणिपुर | 1047 | 1070 | 1105 | 1175 | 1220 |
| मिजोरम | 1119 | 1149 | 1183 | 1231 | 1271 |
| त्रिपुरा | 1496 | 1526 | 1571 | 1600 | 1651 |
| मेघालय | 1791 | 1837 | 1887 | 1928 | 1980 |
| असम | 21715 | 22261 | 22824 | 23395 | 23974 |
| पश्चिम बंगाल | 56988 | 58368 | 59786 | 61213 | 62652 |
| झारखंड | 17710 | 18215 | 18716 | 19241 | 19766 |
| ओडिशा | 26810 | 27427 | 28024 | 28656 | 29287 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 14522 | 14891 | 15279 | 15666 | 16057 |
| मध्य प्रदेश | 40798 | 41876 | 42966 | 44056 | 45176 |
| गुजरात | 36325 | 37300 | 38306 | 39328 | 40356 |
| दमन | 55 | 63 | 66 | 70 | 77 |
| दादरा और नगर हवेली | 92 | 102 | 109 | 117 | 128 |
| महाराष्ट्र | 60814 | 62291 | 63797 | 65326 | 66879 |
| तेलंगाना | 24788 | 25408 | 26038 | 26681 | 27339 |
| आंध्र प्रदेश | 36884 | 37724 | 38582 | 39443 | 40307 |
| कर्नाटक | 44775 | 45926 | 47113 | 48290 | 49516 |
| गोवा | 848 | 877 | 893 | 909 | 932 |
| लक्षद्वीप | 13 | 13 | 13 | 14 | 14 |
| केरल | 30057 | 30615 | 31166 | 31713 | 32271 |
| तमिलनाडु | 45846 | 47075 | 48314 | 49571 | 50841 |
| पांडिचेरी | 794 | 820 | 852 | 879 | 905 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 193 | 195 | 200 | 205 | 214 |
| **कुल** | **7,33,139** | **7,51,517** | **7,70,230** | **7,89,202** | **8,08,558** |
| **संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम** | | | | | |

*****